आवश्यक
नगरपालिका आम चुनाव, 2017

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार
STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्रांक - न0नि0 50-26/2017 - **1557**

प्रेषक,

दुर्गेश नन्दन,
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी-सह-
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)।
(बेगुसराय एवं अरवल छोड़कर)

पटना, दिनांक -**12.04.2016**

विषय : नगरपालिका का आम निर्वाचन 2017 – निर्वाचन कराये जाने के संबंध में।

प्रसंग : आयोग का पत्रांक 1305 दिनांक 03.04.2017
नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार का पत्रांक 2672 दिनांक 12.04.2017

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक आयोग के प्रासंगिक पत्र के क्रम में कहना है कि नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार का पत्रांक 2672 दिनांक 12.04.2017 से नगरपालिका आम निर्वाचन हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अनुशंसित कार्यक्रम पर राज्य सरकार की सहमति प्राप्त हुई है। नगरपालिका आम निर्वाचन, 2017 हेतु निर्वाचन के विभिन्न प्रक्रम निम्नवत् है :-

निर्वाचन के विभिन्न प्रक्रमों से संबंधित कार्यक्रम

(राज्य के 7 नगर निगमों, 31 नगर परिषदों तथा 63 नगर पंचायतों के लिए)

(1)	निर्वाची पदाधिकारी द्वारा **प्रपत्र 11** में सूचना का प्रकाशन	19.04.2017
(2)	नामांकन प्राप्त करने की तिथि	19.04.2017 से 27.04.2017 तक
(3)	संवीक्षा की तिथि	28.04.2017 से 29.04.2017
(4)	अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि	02.05.2017
(5)	अभ्यर्थिता वापसी के पश्चात अंतिम रूप से अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन एवं प्रतीक आवंटन	03.05.2017 तक
(6)	मतदान की तिथि	21.05.2017
(7)	मतदान का समय	7 बजे पूर्वाह्न से 5 बजे अपराह्न तक।
(8)	मतगणना की तिथि	23.05.2017 (प्रातः आठ बजे से)

पटना जिलान्तर्गत पटना नगर निगम, नगर परिषद, बाढ़, खगौल, दानापुर, मोकामा, मसौढ़ी, फुलवारीशरीफ एवं बख्तियारपुर, नगर पंचायत, मनेर एवं सारण जिलान्तर्गत छपरा नगर निगम तथा कटिहार जिलान्तर्गत नगर पंचायत, बारसोई के लिए।

(1)	निर्वाची पदाधिकारी द्वारा **प्रपत्र 11** में सूचना का प्रकाशन	29.04.2017
(2)	नामांकन प्राप्त करने की तिथि	29.04.2017 से 09.05.2017 तक
(3)	संवीक्षा की तिथि	11.05.2017 से 13.05.2017 तक
(4)	अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि	16.05.2017
(5)	अभ्यर्थिता वापसी के पश्चात अंतिम रूप से अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन एवं प्रतीक आवंटन	17.05.2017
(6)	मतदान की तिथि	04.06.2017
(7)	मतदान का समय	7 बजे पूर्वाह्न से 5 बजे अपराह्न तक।
(8)	मतगणना की तिथि	06.06.2017 (प्रातः आठ बजे से)

अनुरोध है कि उक्त कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराये जाने हेतु तैयारी कर ली जाय एवं सभी निर्वाची पदाधिकारियों को कार्यक्रम से अवगत करा दिया जाय। निर्धारित तिथि को सरकार से अधिसूचना प्राप्त होने के पश्चात ही निर्वाची पदाधिकारी द्वारा प्रपत्र-11 का प्रकाशन किया जायेगा तत्पश्चात नाम निर्देशन प्राप्त किया जायेगा।

विश्वासभाजन,

सचिव।

ज्ञापांक - न.नि. 50-26/2017 - **1557**

पटना, दिनांक - **12.04.2017**

प्रतिलिपि प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।